

# राज्य स्थापना दिवस समारोह

दिनांक: 09.11.2023

आज दिनांक 9 नवम्बर 2023 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । दीप प्रज्वलन के पश्चात महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अपर्णा सिंह ने उत्तराखंड के मांगल गीत दैना होया खोली का गणेशा गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की ।

इस मॉंगल गीत के पश्चात बी. एससी. प्रथम सेमेस्टर की सोनी पांडे और हर्षिता भंडारी के जय हो कुमायूं जय गढ़वाला गीत पर मनमोहक नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ । इसके पश्चात बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मीनाक्षी टम्टा ने चैता की चैतवाली गीत पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया । शीतल, सुनीता मंडल, साजिया और साकिब जहां ने मिश्री से मीठी बातां थारी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी क्रम में बी. ए. प्रथम सेमेस्टर की रीना ने नरसिंह बाजे तुरी बाजे गीत पर अपनी एकल प्रस्तुति दी । बी. ए. प्रथम सेमेस्टर की ही डॉली नाड़िया ने भी ढाई हाथे धमेली गाने पर अपनी एक प्रस्तुति के माध्यम से समां बांधा। बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तानिया बिष्ट ने गुलाबी शरारा पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। समाजशास्त्र की छात्रा रिंकी विश्वास ने रंगीलो म्हारो ढोलना पर एक शानदार राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम को विविधता प्रदान की । इसी क्रम में ऋतु मंडल ने एक मनमोहक बंगाली नृत्य प्रस्तुत किया ।

महाविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव बी.कॉम. तृतीय वर्ष के छात्र कैलाश चौधरी, बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा मिनाक्षी छाबड़ा, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र नीरज सिंह बिष्ट तथा सालेहा खातून ने राज्य स्थापना दिवस पर अपना भाषण प्रस्तुत किया ।

उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी.पंत ने शिक्षकों और विद्यार्थियों काआह्वान किया कि वे अपनी सम्पूर्ण क्षमता और ऊर्जा के साथ उत्तराखंड के विकास में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहें । आपने कहा कि उत्तराखंड के युवा ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रख सकते हैं । आपने विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें सदैव महाविद्यालय की यूनिफॉर्म में ही

उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया । सांस्कृतिक समिति की संयोजक समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. हेमलता सैनी ने उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया । आपने उत्तराखंड राज्य की लोक संस्कृति के विविध रंगों की छटा बिखेरने के लिए बहुत कम समय की तैयारी में मंच पर सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के लिए छात्राओं का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरी आन-बान-शान : उत्तराखण्ड विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बी. ए.तृतीय वर्ष की प्रीति, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बी.एससी. प्रथम वर्ष की निकिता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बी.कॉम. तृतीय वर्ष के कैलाश चौधरी को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग की छात्रा दिव्यांशी यादव और राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी बी.ए. प्रथम वर्ष की अनामिका सिंह ने संयुक्त रूप से किया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक , विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

प्राचार्य

डॉ.हेमलता सैनी
संयोजक , सांस्कृतिक समिति
सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर







# महाविद्यालय में राज्य स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



# एसबीटीएस पीजी कॉलेज में मनाया स्थापना दिवस



# शहीद भगत सिंह जयन्ती

दिनांक 28.09.2023

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

आज दिनांक 28.09.2023 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह का 116 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में स्थित शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने फूल मालाएं चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि अपने देश और समाज के लिए लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखते हुए भगत सिंह ने जिस तरह का जीवन जिया वह अपने आप में एक मिसाल है। आपने कहा कि शहीद भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारी स्वतन्त्रता सेनानियों की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांसें ले रहे हैं । आज के युवाओं को शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है । इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अपर्णा सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नौजवानों को भगत सिंह से सम्बन्धित साहित्य का गहन अध्ययन करने की जरूरत है । भगत सिंह की जेल डायरी और अपने छोटे भाई कुलतार सिंह के लिए लिखा गया उनका पत्र भगत सिंह के जीवन के क्रान्तिकारी तत्वों का उद्घाटन करने वाला है । अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. वकार हसन खान ने कहा कि आज हम जिस आब-ओ -हवा में सांस ले रहे हैं,उसके लिए हम शहीद भगत सिंह जैसे बलिदानियों के कर्जदार हैं। राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ सर्वजीत सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं से अवगत कराया । आपने कहा कि अपने क्रान्तिकारी विचारों के साथ भगत सिंह समतामूलक समाज के पक्षधर भी थे ।

इस अवसर पर 'शहीद-ए-आजम भगत सिंह' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में बी. ए. प्रथम

HemLata

सेमेस्टर की सालेहा ने प्रथम, अनामिका सिंह ने द्वितीय तथा नेपोलियन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की हिमांशी शर्मा तथा बी. ए. प्रथम सेमेस्टर की खुशबू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । प्रथम स्थान प्राप्त सालेहा ने अपने भाषण को भगत सिंह के जीवन और उनके आदर्शों पर केंद्रित किया । वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त अनामिका सिंह ने कहा कि भगत सिंह का यह कहना कि वे मेरे शरीर को मार सकते हैं, विचारों को नहीं , एक क्रान्तिकारी विचार है। तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले नेपोलियन ने कहा कि भगत सिंह के क्रान्तिकारी विचार उनके द्वारा विपरीत विचारधाराओं से सम्बन्धित विद्वानों के साहित्य के अध्ययन का परिणाम है । बी.ए.द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हिमांशी शर्मा ने अपने भाषण में भगत सिंह को युवाओं के जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। बी.ए. प्रथम वर्ष की खुशबू ने अपने भाषण में शहीद भगत सिंह जीवन के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला । इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन समिति की संयोजक प्रोफेसर हेमलता सैनी ने विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के कार्यक्रमों में भी इसी उत्साह से प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, डॉ. [illegible] कुमार, डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. प्रद्युम्न रिछारिया तथा कर्मचारी श्री सी. एस. पाठक और असलम, मोहित शर्मा , नीरज बिष्ट, रजत बिष्ट आदि मौजूद रहे .

प्राचार्य


Principal
S.B.S. Govt. P.G. College
Rudrapur (Udham Singh Nagar)
Uttarakhand

( डॉ. हेमलता सैनी )
प्रभारी सांस्कृतिक समिति

## शहीद भगत सिंह जयन्ती : तस्वीरें



शहीद भगत सिंह जयन्ती : तस्वीरें



## शहीद भगत सिंह जयन्ती : समाचार पत्रों की नज़र से

[illegible] - 28.09.2023

### जयंती पर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह को किया नमन



दैनिक हिन्दुस्तान - 29.09.2023

### 'भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लें युवा'



# शहीद भगत सिंह जयन्ती : समाचार पत्रों की नजर में

दैनिक अमर उजाला -29.09.2023

दैनिक जागरण-29.09.2023

## भाषण प्रतियोगिता में सालेहा ने मारी बाजी



उत्तर उजाला - 29.09.2023

उत्तर उजाला रुद्रपुर

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रान्तिकारी शहीद भगत सिंह का 116वाँ जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में स्थित शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने फूल मालाएं चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीद-ए-आजम भगत सिंह विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर हेमलता सैनी, प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत सिंह, प्राध्यापक डॉ. आरती सिंह, प्राध्यापक डॉ. मकार हसन खान, प्राध्यापक डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. प्रद्युम्न सिसोदिया, मीनाक्षी पाठक, असलम, मोहित शर्मा, नीरज मिश्र, रजत मिश्र आदि मौजूद रहे।


सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर
उत्तराखण्ड
राज्य स्थापना दिवस
सांस्कृतिक परिषद
आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।


उत्तराखंड
राज्य स्थापना दिवस
सांस्कृतिक परिषद


सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर
उत्तराखण्ड

10 Nov 2023 -UD-R.pdf

हिन्दी सान्ध्य दैनिक 'उत्तरांचल दर्पण' जय बाबा की उधमसिंहनगर, शुक्रवार, 10 नवम्बर 2023 7

# महाविद्यालय में राज्य स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित






WELCOME








SARDAR BHAGAT SINGH
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
Rudrapur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand
CULTURAL PROGRAMMES
Cultural Committee
Welcomes You
SARDAR BHAGAT SINGH GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
Rudrapur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand
Heartiest Welcome
NAAC Peer Team Visit
20-21 November, 2023


SARDAR BHAGAT SINGH
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
CULTURAL
Heartiest
NAAC Peer


SARDAR BHAGAT SINGH
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
Rudrapur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand
CULTURAL PROGRAMMES
Cultural Committee
Welcomes You
SARDAR BHAGAT SINGH GOVERNMENT POST GRADUATE
Rudrapur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand
Heartiest Welcome
NAAC Peer Team Visit
20-21 November, 2023


SARDAR BHAGAT SINGH
GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE
SARDAR BHAGAT SINGH GOVERNMENT POST
NAAC